मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल 462003 (म.प्र.) भारत
(शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
Maulana Azad National Institute of Technology Bhopal 462003(M.P.) India
(An Institution of National Importance, under Ministry of Education, Govt. of India)

क्रमांक/स्था./राजभाषा/2026/1044 दिनांक: 28.07.2026

// परिपत्र //

भारत शासन की राजभाषा नीति के अनुपालन में संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही (01.04.2026 से 30.06.2026 तक) बैठक दिनांक 25.06.2026 को निदेशक कार्यालय के स्वामी विवेकानंद अभिषद् कक्ष में आयोजित की गई थी। सक्षम प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदित कार्यवृत्त की प्रति संलग्न है। कृपया सभी विभागाध्यक्ष/ संकायाध्यक्ष/ अनुभागाध्यक्ष/ केन्द्राध्यक्ष एवं शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक अधिकारी/कर्मचारी उनसे संबंधित राजभाषा हेतु लिये गये निर्णयों का पालन सुनिश्चित करें।

संलग्न: कार्यवृत्त।

28/7/26
सहायक कुलसचिव (राजभाषा)

प्रतिलिपिः

1. समस्त संकायाध्यक्ष।
2. समस्त विभागाध्यक्ष।
3. समस्त अनुभागीय अधिकारी/प्रभारी।

} को अधीनस्थ शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु।

4. डॉ सविता दीक्षित, प्राध्यापक, रसायन शास्त्र विभाग एवं परामर्शदात्री राजभाषा समिति, मेनिट भोपाल।
5. प्रभारी, वेबसाइट अपलोड हेतु।
6. निज सहायक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
7. निज सहायक निदेशक, निदेशक महोदय को सूचनार्थ।

पता : लिंक रोड क्रं. 3, माता मंदिर के पास, भोपाल - 462003 (म.प्र.) भारत
Address: MANIT, Link Road No. 3, Near Mata Mandir, Bhopal - 462003 (M.P.) INDIA
फोन/ Phone: +91-755-4051000, 4052000 फैक्स/ Fax: +91-755-2670562 वेब./Web.: http://www.manit.ac.in

क्रमांक स्था./राजभाषा/2026/1044 दिनांक: 28/07/2026

## // बैठक के कार्यवृत्त //

संस्थान में भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन एवं कार्य के क्रियान्वयन के संबंध में संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वित्त वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही (01.04.2026 से 30.06.2026 तक) की बैठक दिनांक 25.06.2026 को संस्थान के निदेशक कार्यालय के स्वामी विवेकानंद अभिषद् कक्ष में आयोजित हुई। संस्थान द्वारा हिन्दी में कार्य प्रगति पर संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष निदेशक महोदय द्वारा चर्चा की गई : -

समिति द्वारा की गई चर्चा में निम्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर निष्कर्ष निकाला है जिन पर राजभाषा नीति के अनुसार कार्यवाही अपेक्षित है: -

1. संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक द्वारा समस्त समिति सदस्यों का स्वागत किया गया एवं पिछली बैठक के कार्यवृत पर कार्यवाही प्रकाश डाला गया और आदरणीय निदेशक महोदय द्वारा इसकी समीक्षा की गई।
2. सभी विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष द्वारा अपने विभाग/अनुभाग में प्रतिदिन सुविचार लिख रहे कर्मचारी/कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देने एवं यह जानकारी संस्थान के राजभाषा प्रकोष्ठ को शीघ्र प्रदान कराने का अनुरोध किया गया।
3. संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक श्री गौरव द्विवेदी ने संस्थान की वेबसाइट पर राजभाषा प्रकोष्ठ का एक अलग से टैब बनाने के लिए प्रभारी वेबसाइट को बधाई दी एवं इस कार्य की सराहना की।
4. निरीक्षण प्रतिवेदन में बताए अनुसार वेबसाइट को पहले हिन्दी में खुलने तथा फिर अंग्रेजी में आने के लिए ऑप्शन होने के प्रस्ताव को पुन: रखा गया।
5. संस्थान की वेबसाइट में जो हिन्दी का भाग है वह पूर्णत: गूगल ट्रांसलेट की मदद से बना है जिसमें कि कुछ स्थानों पर पूर्ण रूप से ट्रांसलेशन में त्रुटि पायी गयी है, समिति ने निर्णय लिया है कि इन त्रुटियों को सुधारा जाए।
6. प्रत्येक विभागाध्यक्ष/अनुभाग प्रमुख अपने-अपने विभाग/अनुभाग से एक अधिकारी/कर्मचारी को राजभाषा नोडल अधिकारी/कर्मचारी के रूप में नामित करेंगे, जो राजभाषा से संबंधित विषयों में राजभाषा प्रकोष्ठ के साथ समन्वय स्थापित करेगें।
7. सभी प्रतिभागियों से अनुरोध किया गया कि वे SAMARTH पोर्टल की फ़ाइल पर अपने टिप्पणियाँ/नोट यथासंभव हिंदी में दर्ज करें जिनके द्वारा हिन्दी शुरू की गई है, उनकी सराहना करते हुए अन्य प्रतिभागियों से भी इसके लिए प्रयास करने के लिए कहा गया ।
8. पुस्तकालय अनुभाग द्वारा शैक्षणिक पुस्तकों पर किए गए व्यय को अलग रखते हुए, शेष पुस्तकों में 100% पुस्तकें हिंदी में क्रय करने के लिए बधाई दी एवं सराहना की।

गौरव द्विवेदी सर्वेश 23/07

9. संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली तिमाही की बैठक दिनांक 25.03.2026 के कार्यवृत्त के बिन्दु क्रमांक 8 के अनुसार अगली तिमाही (जुलाई से सितंबर 2026) के अंतर्गत राजभाषा कार्यशाला जीव विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा आयोजित की जानी है।

10. बैठक के अंत में संस्थान राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

गौरव द्विवेदी
संयुक्त-कुलसचिव (स्था.)

परामर्शदात्री, राजभाषा

कुलसचिव
उपाध्यक्ष, राजभाषा

निदेशक
अध्यक्ष, राजभाषा